हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 16 मार्च 2026

[ खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार ]

4
नेशनल लोक अदालत में 29 खंडपीठों में हुई सुनवाई, 6806 लंबित प्रकरणों का निराकरण



खबर संक्षेप

## लक्ष्मीनारायण ने किया 27वीं बार रक्तदान



**चंद्रपुर।** मानव सेवा को सर्वोपरि मानते हुए चंद्रपुर के समाजसेवी एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा भाजयुमो जिला सक्ती के कार्यसमिति सदस्य लक्ष्मीनारायण मोंटू माली ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश की है। उन्होंने इस बार का रक्तदान रायपुर बालकों हॉस्पिटल में जा के किया वे अभी 27वीं बार रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों की मदद की और लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित किया। लक्ष्मीनारायण मोंटू माली लंबे समय से सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। जब भी किसी मरीज को रक्त की आवश्यकता होती है, वे तुरंत आगे आकर मदद करते हैं। उनके इस कार्य से कई जरूरतमंद लोगों की जान बच चुकी है। 27वीं बार रक्तदान करते हुए उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता और हर स्वस्थ व्यक्ति को समय समय पर रक्तदान करना चाहिए।

## घरघोड़ा लोक अदालत में हुई सुनवाई

**घरघोड़ा।** घरघोड़ा राज्य एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर आयोजित लोक अदालत का आयोजन जिला सत्र न्यायालय घरघोड़ा में सफलता पूर्वक संपन्न है। लोक अदालत पीठासीन अधिकारी अभिषेक शर्मा के न्यायालय में 3 मोटर दुर्घटना दावा अभिकरण का प्रकरण का निपटारा राजीनामा के आधार पर किया गया। व्यवहार न्यायालय से कुल 8 प्रकरण और जिला एवं सत्र न्यायालय घरघोडा में 3 क्लेम प्रकरण एवं 1 कुटुंब न्यायालय से संबंधित प्रकरण और 136351 प्री लिटिगेशन प्रकरण का निपटारा कर 32 लाख 47 हजार 200 का सैटल किया गया। राजीनामा करने वाले पक्षकारों को जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभिषेक शर्मा ने पेड़ भेट कर पर्यावरण रक्षा का संदेश दिए।

## सब्जी उत्पादन से आत्मनिर्भर बनीं सविता

**रायगढ़।** विकासखंड धरमजयगढ़ के ग्राम पंचायत बंगरसूता की श्रीमती सविता राठिया ने मेहनत और लगन से आजीविका का नया रास्ता तैयार कर लिया है। साग सब्जी की खेती कर वे न केवल अपने परिवार की आय बढ़ा रही हैं, बल्कि क्षेत्र की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा बन रही हैं। सविता राठिया पहले घर की जिम्मेदारियों तक ही सीमित थीं और उन्हें घर से बाहर निकलकर काम करने का ज्यादा अवसर नहीं मिल पाता था। लेकिन स्व सहायता समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने अपनी आजीविका को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया। अपने कार्य को विस्तार देने के लिए उन्होंने 60 हजार की सामुदायिक निवेश निधि सीआईएफ प्राप्त की और इस राशि से साग सब्जी उत्पादन शुरू किया। आज सविता अपने खेत में विभिन्न प्रकार की हरी सब्जियों का उत्पादन कर स्थानीय बाजार में बिक्री कर रही हैं। इससे उन्हें नियमित आय प्राप्त हो रही है और परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है।

## पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति, प्रशासन सतर्क

**रायगढ़।** पेट्रोलियम पदार्थों की नियमित उपलब्धता और सुचारू वितरण सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन सतर्क है। छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने जिले के संबंधित विभागों और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में घरेलू एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है, इसलिए आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक जानकारी से प्रभावित होने की आवश्यकता नहीं है। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि ऑयल कंपनियों के पास इन पेट्रोलियम पदार्थों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और उनकी नियमित आपूर्ति जारी है।

### हरिभूमि ने बीते 25 दिसंबर को प्रकाशित की थी खबर

# खरसिया ब्लॉक में अलसी बीज फेल होने का मुद्दा हो रहा गरम

### 19 किसानों से कराई गई थी 100 एकड़ में अलसी की खेती, पूरा बीज हो गया फेल





बिलासपुर, गुरुवार 25 दिसंबर 2025

[ खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार ]

बीज निगम ने किसानों को लौटा दी बीज, दी गई अग्रिम राशि भी ले ली वापस

19 किसानों से 100 एकड़ में कराई अलसी की खेती, जांच में बीज हो गया फेल

40.050 हेक्टेयर था पंजीकृत एरिया

चपले बीज प्रक्रिया केंद्र ने कर दिया हाथ खड़े, लाखों को हो गया किसानों को नुकसान

**40.050 हेक्टेयर था पंजीकृत एरिया**

अलसी बीज उत्पादन कार्यक्रम के लिए 19 किसानों का करीब 40.050 हेक्टेयर एरिया पंजीकृत था। याने करीब 100 एकड़ में अलसी बीज के लिए खेती की गई थी। जानकारी के अनुसार किसानों द्वारा फसल तैयार हुई तो मिंझाई और साफ- सफाई करने के बाद किसानों ने बीज प्रक्रिया केंद्र चपले को पूरी फसल दे दी। वहां से सभी का सेंपल जांच के लिए भेजी गई, लेकिन फेल हो गई। तीन महीने तक रखने के बाद बीज लौटाई गई।

**8500 का वादा, 85 रुपए भी नहीं मिला**

सरकारी कार्यक्रम के तहत लगाई गई बीज का प्रति क्विंटल 8500 देने का वादा किया गया था, लेकिन किसानों को 85 रुपए भी सरकारी राशि नहीं मिली। बल्कि उनका जो खर्च हुआ था उसकी भी भरपाई नहीं हो पाई। कुल मिलाकर सरकारी बीज उत्पादन में किसानों को ही नुकसान हो गया है। अब इस मामले को लेकर कार्रवाई का जो आश्वसान दिया गया है वह पूरा होगा या नहीं यह तो बाद में पता चलेगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरसिया ब्लॉक में हुए अलसी की खेती में किसानों को लाखों का नुकसान हो गया है। किसानों को हुए नुकसान को लेकर हरिभूमि ने बीते 25 दिसंबर 2025 को प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया था।

खबर के संज्ञान में खरसिया विधायक उमेश पटेल ने इस मुद्दे को बजट सत्र में उठाया है। याने यह मुद्दा अब गरम होने लगा है, विधानसभा में भी जमकर नोंक-झोंक हुई है। इसे लेकर पूछे गए सवाल का जो जवाब दिया गया उससे असंतुष्ट खरसिया विधायक ने सदन में कई पूरक सवाल दागे। आखिरी में पूरे मामले की जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन देने के बाद मामला शांत हुआ। दरअसल साढ़े 8 हजार क्विंटल के हिसाब से खरीदी करने का वादा करके बीज निगम ने तीन गांव के 19 किसानों से करीब 100 एकड़ में अलसी की खेती कराई थी। किसानों द्वारा अलसी बीज उत्पादन कार्यक्रम के तहत यह खेती की गई थी, लेकिन जांच में पूरा बीज ही फेल हो गया। हालात यह रहा कि किसानों को अलसी बीज व्यापारियों को औने-पौने दाम में बिक्री करना पड़ा। याने इस सरकारी कार्यक्रम में किसानों को लाखों का नुकसान हो गया है। दिलचस्प बात यह है कि जो बीज किसानों ने खेतों में बोई थी वह भी सरकारी ही था। ऐसे में या तो सरकारी बीज में कोई कमी थी या फिर किसानों से खेती कराने के बाद उनकी फसल का दाम ही देना मुनासिब नहीं समझा। इस पूरे एपिसोड में बीज निगम की भूमिका को ही लेकर सवाल उठने लगा है। जो भी हो इस सरकारी कार्यक्रम से किसानों को भारी नुकसान होने की बात कही जा रही है। यह मामला बीते रबी सीजन 2024-25 का है। इसमें बीज प्रक्रिया केंद्र चपले द्वारा अलसी बीज उत्पादन कार्यक्रम के तहत 19 किसानों से अलसी की खेती कराई थी। इसमें बोतल्दा, भदरीपाली और डोंगीतराई के किसान शामिल हैं। इसका मुख्य उद्देश्य अलसी की खेती को बढ़ावा देना और इसका बीज उत्पादन करना था। हालांकि जो मंशा थी वह पूरी तरह से फेल हो गई है। इससे किसानों को जहां लाखों का नुकसान हो गया है। वहीं उनकी मेहनत भी पानी में फिर गया है। उपज होने के बाद जांच के लिए बीज निगम की ओर से बीज प्रमाणीकरण संस्था में भेजी गई थी।



## वन विभाग की टीम ने उमाशंकर सॉ मिल को किया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अवैध सॉ मिल को वन विभाग की टीम ने सील कर दिया है। जानकारी मिली तो 10 सदस्यीय टीम का गठन कर ग्राम कुसमुरा स्थित उमाशंकर सॉ मिल पर छापेमारी की गई। छापे के दौरान सॉ मिल संचालित अवस्था में पाई गई तथा परिसर में बड़ी मात्रा में लकड़ी भी पाया गया।

टीम द्वारा सॉ मिल संचालक से सॉ मिल का लाइसेंस, वनोपज से संबंधित दस्तावेज, स्टॉक रजिस्टर, निवर्तन रजिस्टर एवं आवक रजिस्टर प्रस्तुत करने को कहा गया, किंतु संचालक द्वारा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। जांच के दौरान सॉ मिल संचालक द्वारा काष्ठ चिरान अधिनियम 1984 की धारा 4, 7, 9 एवं 10 का उल्लंघन पाया गया। इस पर वन विभाग ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए सॉ मिल को सील कर दिया और आगे की वैधानिक प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। वन विभाग के अधिकारियों ने कहा है कि अवैध सॉ मिल संचालन एवं वनोपज से संबंधित नियमों के उल्लंघन के मामलों में आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## वीबी जी राम जी यूथ डिजिटल कैंपेन से युवाओं को मिलेगा प्रतिभा दिखाने का मंच

**रायगढ़।** केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा माय भारत पोर्टल के सहयोग से राष्ट्रव्यापी डिजिटल पहल वीबी जी राम जी यूथ डिजिटल कैंपेन की शुरुआत की गई है। इस अभियान का उद्देश्य देश के युवाओं को ग्रामीण विकास, रोजगार सृजन और आजीविका संवर्धन से जुड़ी गतिविधियों से जोड़ना है। डिजिटल माध्यम से चलाए जा रहे इस अभियान के जरिए युवाओं को अपने गांव की सकारात्मक कहानियां, नवाचार और विकास कार्यों को देशभर के सामने लाने का अवसर मिलेगा।

## 246 वारंटियों की तामिली, गंभीर मामलों के फरार आरोपी पकड़े गए



**रायगढ़।** 10 से 15 मार्च तक चलाए गए इस विशेष अभियान में पुलिस ने 141 स्थायी वारंट और 105 गिरफ्तारी वारंट की तामिली करते हुए 246 वारंटों का निष्पादन किया है। इस विशेष अभियान में कोतवाली पुलिस ने मारपीट मामले के फरार आरोपी अभिषेक ठाकुर तमनार पुलिस ने गांजा तस्कर मिथुन सा जैसे गंभीर मामलों में फरार आरोपियों को पड़कर जेल भेजा है।

अभियान के दौरान थाना कोतवाली पुलिस को विशेष सफलता मिली, जहां उड़ीसा के दो शातिर स्थायी वारंटी दशरथ विश्वाल निवासी लखनपुर रेंगाली (उड़ीसा) तथा सरोज बेहरा निवासी रेंगाली (उड़ीसा) को गिरफ्तार किया गया। वारंटी दशरथ विश्वाल के विरुद्ध थाना कोतवाली में 20 स्थायी वारंट तथा थाना चक्रधरनगर में 17 स्थायी वारंट जारी थे। इसी प्रकार सरोज बेहरा के विरुद्ध थाना कोतवाली में 17 स्थायी वारंट और थाना चक्रधरनगर में 2 स्थायी वारंट लंबित थे। दोनों वारंटी अपना प्रभावशाली व्यक्तियों का परिचय देकर किस्तों में ट्रैक्टर खरीदते थे और भुगतान न कर फरार हो जाते थे, जिसके कारण न्यायालय द्वारा उनके विरुद्ध स्थायी वारंट जारी किए गए थे। कोतवाली पुलिस की विशेष टीम ने दोनों वारंटियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी सरोज बेहरा को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है, जबकि दशरथ विश्वाल को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

अभियान के दौरान थाना कोतवाली द्वारा 43 स्थायी वारंट और 1 गिरफ्तारी वारंट, थाना चक्रधरनगर द्वारा 34 स्थायी वारंट और 15 गिरफ्तारी वारंट, थाना छाल द्वारा 13 स्थायी वारंट और 12 गिरफ्तारी वारंट, थाना पुसौर द्वारा 10 स्थायी वारंट और 5 गिरफ्तारी वारंट, चौकी खरसिया द्वारा 6 स्थायी वारंट और 4 गिरफ्तारी वारंट, थाना लैलूंगा द्वारा 8 स्थायी वारंट और 7 गिरफ्तारी वारंट, थाना तमनार द्वारा 5 स्थायी वारंट और 1 गिरफ्तारी वारंट, कापू से 3 स्थायी और 7 गिरफ्तारी, धरमजयगढ़ से 1 स्थायी 14 गिरफ्तारी, कोतरारोड़ 1 स्थायी और 9 गिरफ्तारी तथा थाना पूंजीपथरा द्वारा 4 स्थायी वारंट और 1 गिरफ्तारी वारंट की तामिली कर अभियान को सफल बनाया गया।

## सरिया में अखंड नवधा रामायण का आयोजन

**सरिया।** 19 मार्च से सरिया में अखंड नवधा रामायण का भव्य आयोजन होगा। इसके लिए तैयारी की जा रही है। भव्य कलश यात्रा हेतु आज महिमा आश्रम सरिया में महिला संगठन से अपील करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का आव्हान किया गया। धर्म कला एवं साहित्य की नगरी सरिया में इस वर्ष भी भव्य रूप से अखंड नवधा रामायण का आयोजन 19 मार्च से प्रारंभ हो रहा है। इसके लिए रविवार को नगर के महिमा आश्रम में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नारी शक्ति बड़ी संख्या में शामिल हुए। अखंड नवधा रामायण के लिए 19 मार्च को प्रातः 10 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। यहां 19 से 28 मार्च तक अखंड नवधा रामायण अनुष्ठान संपन्न होगा। समिति के अध्यक्ष शिवकुमार बैरागी में बताया कि इस अनुष्ठान में देवी मंजू कल्याणी धाम वृंदावन से 19 मार्च 27 मार्च तक प्रवचन करेंगे। इसी तरह छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कथा वाचक नंद कुमार साहू का 21 से 25 मार्च तक प्रवचन संपन्न होगा।

## दूसरी मंजिल का दरवाजा तोड़कर दुकान में चोरी दो आरोपी गिरफ्तार, 16 नग मोबाइल जब्त

■ 4 लाख के 16 नग आईफोन की शत-प्रतिशत बरामदगी



**रायगढ़।** गोपी टॉकीज के सामने स्थित सेल स्पॉट मोबाइल शॉप में हुई 16 नग मोबाइल बरामद हो गई है। मुख्य आरोपी आकाश चौहान को गिरफ्तार कर लिया है। एक अन्य आरोपी लकेश्वर को भी गिरफ्तार किया गया है। शहर के गोपी टॉकीज के सामने स्थित सेल स्पॉट मोबाइल दुकान में 09 मार्च की रात चोरी की घटना सामने आई थी।

दुकान संचालक मोहम्मद फारुक निवासी लक्ष्मीपुर द्वारा पुलिस को दी गई सूचना के अनुसार वे रात करीब 9:30 बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। अगले दिन सुबह दुकान पहुंचे और शटर खोलकर अंदर गए तो शोकेस काउंटर में रखे मोबाइल फोन अस्त-व्यस्त मिले। जांच करने पर पता चला कि दुकान की दूसरी मंजिल के दरवाजे का लॉक तोड़कर अज्ञात चोर अंदर घुसा और ग्राउंड फ्लोर स्थित दुकान से 16 नग तथा काउंटर में रखी नकदी चोरी हो गया था। घटना की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली रायगढ़ में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई।

कोतवाली पुलिस और साइबर थाना की विशेष टीम गठित कर तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध की पहचान कर उसकी तलाश तेज की गई। इसी दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि संदेही मोबाइल का उपयोग कर रहा है, जिस पर साइबर टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण कर उसकी लोकेशन ट्रेस की गई। पुलिस टीम तत्काल रायपुर पहुंची और रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्मों पर आरोपी की तलाश शुरू की गई। इसी दौरान आरोपी ट्रेन में बैठकर रायगढ़ की ओर आ रहा था, जिसे चलती ट्रेन में ही पुलिस टीम ने घेराबंदी कर धर दबोचा। पकड़े गए आरोपी की पहचान आकाश चौहान पिता मनोहर चौहान 19 निवासी ग्राम कलमी थाना कोतरारोड़ के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी ने सेल स्पॉट मोबाइल दुकान में चोरी करना स्वीकार किया तथा यह भी बताया कि उसने जनवरी में अपने साथियों के साथ बोईरदादर चौक स्थित साहा मोबाइल दुकान में भी चोरी की घटना को अंजाम दिया था। आरोपी ने बताया कि वह रायपुर से ट्रेन में बैठकर रायगढ़ आया और दुकान के पीछे निर्माणाधीन हिस्से के पास लगी लोहे की सीढ़ी के सहारे ऊपर चढ़कर दूसरी मंजिल का लॉक तोड़कर दुकान में घुसा और शोकेस में रखे 16 नग आईफोन को एक काले रंग के बैग में भर लिया तथा काउंटर से नकदी लेकर उसी रास्ते से फरार हो गया।

## हत्या के आरोपी को 7 साल सश्रम कारावास

**घरघोड़ा।** अपर सत्र न्यायाधीश अभिषेक शर्मा ने हत्या के आरोपी मुन्ना दास महंत को धारा 302 के मामले में 7 वर्ष के सश्रम करावास की सजा सुनाई है तथा एक हजार के अर्थ दंड से दंडित करने का दंडादेश दिया है। अपर लोक अभियोजक राजेश सिंह ठाकुर ने बताया कि थाना कापू अंतर्गत ग्राम कुंभीचूंआ की है जहां 4 दिसंबर 2020 को दोपहर साढ़े 12 बजे अभियुक्त मुन्ना दास एवं अनिल दास के मध्य वाद विवाद और लड़ाई झगड़ा हो रहा था। जिसे देखकर मृतक पीतांबर दास बीच बचाव करने आया और उनका बाद विवाद समाप्त कराने लगा। जिस पर अभियुक्त मुन्ना दास उत्तेजित होकर कहा कि हमारे बीच में तुम बोलने वाले कौन हो और गुस्से में आकर टांगी से मृतक पीतांबर के सिर में प्राण घातक हमला कर दिया। उसे गंभीर चोट आई। इलाज के लिए तत्काल पत्थलगांव शासकीय अस्पताल में भर्ती किया गया, लेकिन पीतांबर दास की मौत हो गई। कापू थाने में प्रकरण दर्ज कर विवेचना की गई। विवेचना उपरांत अभियुक्त मुन्ना दास के विरुद्ध मृतक पितांबर की हत्या करने के आरोप में धारा 302 के तहत अभियोग पत्र तैयार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन, 521 प्रकरणों का निराकरण

**धरमजयगढ़।** व्यवहार न्यायालय धरमजयगढ़ में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के निर्देशानुसार तथा तालुका विधिक सेवा समिति धरमजयगढ़ की माननीय अध्यक्ष श्रीमती प्रिया रजक के नेतृत्व में संपन्न हुआ। राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर अध्यक्ष श्रीमती प्रिया रजक के साथ सुलहकर्ता सदस्य विरेन्द्र शर्मा अधिवक्ता एवं राजेन्द्र कुमार चावड़ा अधिवक्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में व्यवहार न्यायालय धरमजयगढ़ के कर्मचारीगण, पैरालीगल वालंटियर श्रीमती मौसमी शर्मा थाना छाल, श्रीमती सावित्री डनसेना थाना कापू, सदानंद सिंह थाना धरमजयगढ़ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद रहे। इसके अलावा बैंक, विद्युत विभाग, नगर पंचायत तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

### आज से माशिमं के अमूल्यांकित कॉपियों की जांच होगी चालू

# पहले दिन ट्रायल, केवल 4-4 कॉपी ही मिलेगी जांच के लिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पहले दिन ट्रायल के लिए वेल्यूअरों को केवल 4-4 कॉपी ही जांच के लिए दी जाएगी। इसके बाद हर दिन कम से कम 40-40 कॉपी जांचने का टारगेट दिया जाएगा। आज से बोर्ड के अमूल्यांकित कॉपियों की जांच चालू होगी।



जिले में दो वेल्यूशन सेंटर बनाए गए हैं जहां कॉपियों की जांच होगी। इसमें नटवर स्कूल और पुत्री शाला शामिल है। दोनों सेंटर में 107 बोरी कॉपी भेजी गई है। दोनों सेंटरों में एक हजार से अधिक वेल्यूअरों को जांच के लिए तैनाती की गई है। पहले चरण में बीते 9 मार्च तक हुए परीक्षा की कॉपी भेजी गई है। दूसरे चरण में 10 से आखिरी तक हुई परीक्षा की कॉपी आएगी। यह 23 मार्च तक यहां आ जाएगी। आज से माशिमं की बोर्ड के कक्षा 10वीं और 12वीं की कॉपियों की जांच चालू होगी। इसकी पूरी तैयारी कर ली गई है। पुत्री शाला में कक्षा 10 वीं की 40 हजार 594 और 12 वीं कक्षा की 15 हजार 640 कॉपी भेजी गई है। नटवर स्कूल की जानकारी नहीं मिल पाई है। दोनों सेंटर में इन कॉपियों की जांच पूरा करने के लिए टारगेट दे दिया गया है। जानकारी मिली है कि इस बार बीते साल की तुलना में ज्यादा कडाई होगी। कारण बीते साल लापरवाही की वजह से माशिमं की कापी किरकिरी हुई थी। वजह 10-12 में 42 फीसदी प्रकरणों में अंक परिवर्तन हुआ था। इसके कारण इस बार कुछ विशेष हिदायत भी दी गई है, ताकि जांच के बाद दोबारा अंकों में परिवर्तन की स्थिति न बने।

**जो जिस माध्यम में पढ़ाते हैं उसी माध्यम की जांचेंगे कॉपी**

बोर्ड ने इस बार नियम में कुछ बदलाव किया है। जानकारी के अनुसार जो वेल्यूअर जिस माध्यम में बच्चों का पढ़ाते हैं उसी माध्यम की उत्तरपुस्तिका की जांच करने कहा गया है। जैसे हिंदी माध्यम में बच्चों को पढ़ाते हैं तो हिंदी माध्यम की उत्तरपुस्तिका की जांच करेंगे। यदि अंग्रेजी मीडियम में बच्चों को पढ़ाते हैं तो अइंग्रेजी मीडियम की कॉपी जांच करेंगे।

**ऐसी होती है गड़बड़ी**

कई मूल्यांकनकर्ताओं से जांच के दौरान गड़बड़ी हो जाती है। इसमें कई लोग अंकों को स्पष्ट नहीं लिखते हैं। उत्तरपुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर अंक और अंकों का योग शब्दों में स्पष्ट नहीं लिखते हैं। इसी तरह एक पृष्ठ के अंक जोड़ को दूसरे पृष्ठ पर नहीं ले जाते हैं। उत्तरपुस्तिका में अमूल्यांकित अंश (भाग) को छोड़ देते हैं। विशेषकर शाब्दिक उत्तर या एक वाक्य के उत्तरों को छोड़ देते हैं। इस तरह की अन्य कई गड़बड़ियां होती है। इसके कारण बोर्ड की काफी किरकिरी होती है। इसके कारण इस बार काफी सख्त हिदायत दी गई है।

## चौहान समाज की बैठक में पदाधिकारियों की नियुक्ति

**लोईंग।** चौहान समाज द्वारा 15 मार्च को सामाजिक बैठक रखी गई थी। जिसमें नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का गठन किया गया। जिसमें सर्व समिति द्वारा पदाधिकारीओं का चयन कर सर्व सहमति से मान्य किया गया और नव निर्वाचित द्वारा अपने विकास के प्रति निर्णय लेकर कहा गया कि हम समाज में मास मदिरा का उपयोग नहीं करेंगे नव निर्वाचित का पदाधिकारी इस प्रकार है। श्यामसुंदर चौहान, अध्यक्ष श्याम चौहान पंडरीपानी, उपाध्यक्ष जागेश्वर चौहान, सचिव राजकुमार चौहान, सह सचिव कोशमपाली, गुरुदेव चौहान, कोषाध्यक्ष कोटरापाली, शौकी चौहान, महापल्ली सलाहकार के रूप में नियुक्त कर उन्हें समाज के विकास करने के लिए कहते हुए समाज के तरफ से उन्हें बधाई दी गई।

## खबर संक्षेप

### शांति भवन चर्च में आध्यात्मिक साधना कार्यक्रम

**जशपुरनगर।** शांति भवन चर्च में चालीसा काल पर तीन दिवसीय आध्यात्मिक साधना का कार्यक्रम 13,14 एवं 15 मार्च को आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विश्वासियों ने भाग लेकर प्रार्थना, वचन-चिंतन और आत्मिक मनन के माध्यम से अपने जीवन में आध्यात्मिक उन्नति की ओर कदम बढ़ाया। इस आध्यात्मिक साधना के दौरान पापों से पश्चाताप, आत्मिक शुद्धता और परमेश्वर के साथ संबंध को मजबूत करने के विषयों पर विशेष संदेश दिए गए। वक्ताओं ने चालीसा काल के महत्व को समझाते हुए कहा कि यह समय आत्म-चिंतन, उपवास, प्रार्थना और प्रभु के प्रति समर्पण का समय है, जिसमें मनुष्य अपने जीवन को सुधारने और परमेश्वर की इच्छा के अनुसार चलने का संकल्प लेता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में काथलिक सभा, महिला संघ, युवा संघ, लोयोला सेवा समिति और (संरक्षक) फादर पारिस प्रीस्ट फुलजेंस एक्का की मुख्य भूमिका रही। मुख्य वक्ता के रूप में भाई अगस्तुस गुड़िया ( रांची ) का विशेष योगदान रहा।

### आकाशीय बिजली गिरने से पंच की मौत

**जशपुरनगर।** ग्राम पंचायत चम्पा के वार्ड क्रमांक 16 की वार्ड पंच जासिंता पैकरा पति- कलिंद पैकरा की रविवार शाम आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की शाम अचानक मौसम खराब हो गया और क्षेत्र में तेज गरज-चमक के साथ बारिश शुरू हो गई। इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरने से जासिंता पैकरा उसकी चपेट में आ गईं, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। वार्ड पंच के असामयिक निधन से परिवार में मातम छा गया है और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों ने बताया कि जासिंता पैकरा अपने वार्ड की सक्रिय और लोकप्रिय जनप्रतिनिधि थीं। वे सामाजिक कार्यों और गांव के विकास कार्यों में हमेशा आगे रहती थीं।घटना की सूचना स्थानीय प्रशासन को दे दी गई है। ग्रामवासियों और जनप्रतिनिधियों ने इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की है।

### करंट की बाड़ लगाने वाला आरोपी भेजा गया जेल, फारेस्ट गार्ड निलंबित

**प्रतापपुर।** करंजवार जंगल में दंतैल से अपनी गेंहू की फसल सुरक्षा के लिए करंट की बाड़ लगाने वाले आरोपी किसान रामलाल पिता जगदीश (55) वर्ष को वन अधिकारियों ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत शनिवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। वन अधिकारियों ने शुक्रवार को आरोपी के घर के पास रखे पैरावट से खेत तक बिजली पहुंचाने के लिए उपयोग किए गए विद्युत तार व बाड़ में लगाए गए जीआई तार को बरामद किया था। देर शाम अधिकारियों ने आरोपी किसान को गिरफ्तार कर पूछताछ किया तो आरोपी ने फसल की सुरक्षा के लिए करंट की बाड़ लगाने का आरोप स्वीकार किया। वन अधिकारियों ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपी किसान को गिरफ्तार किया था। देर होने के कारण आरोपी को उसे कोर्ट में पेश नहीं किया जा सका था। शुक्रवार को वन अमले ने आरोपी को कोर्ट में प्रस्तुत किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

इधर करंट से दंतैल की मौत होने के मामले में डीएफओ दुलेश्वर साहू ने फॉरेस्ट गार्ड जीतन सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है साथ ही वन परिक्षेत्राधिकारी को नोटिस जारी कर 2 दिन के भीतर जवाब तलब किया है। उल्लेखनीय है कि लगातार हो रही इस तरह की घटनाओं की समीक्षा करने की जरूरत है तथा विभाग के सोशल मीडिया ग्रुप तक सिमटे वरिष्ठ अधिकारियों को भी अपनी भूमिका का निर्वहन करने की जरूरत है। वरिष्ठ अधिकारी स्वयं की भूमिका का निर्वहन न कर सारा दोष मैदानी अमले पर मढ़ देते है। इस संबंध में उपवन मण्डलाधिकारी अशोक तिवारी ने बताया कि करंट से हाथी की मौत होने के मामले में वन मण्डलाधिकारी ने फॉरेस्ट गार्ड को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है तथा वन परिक्षेत्राधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

### नारायणपुर, सेनद्रिमुंडा और बेने के जंगलों में लगातार आग

# स्टेट हाइवे से दिख रहा धुआं, जंगलों में धधकती आग की लपटें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जशपुरनगर

जिले का प्रसिद्ध बादलखोल अभयारण्य इन दिनों आग की लपटों में सुलगता नजर आ रहा है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि स्टेट हाईवे से गुजरने वाले राहगीरों को भी जंगलों से उठता धुआं साफ दिखाई देने लगा है। नारायणपुर, सेनद्रिमुंडा और बेने क्षेत्र के जंगलों में लगभग रोज आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं।

- गश्त के दावे हवा-हवाई, वन संपदा जलकर हो रही खाक

सबसे हैरानी की बात यह है कि इतनी गंभीर स्थिति के बावजूद वन विभाग का अमला लगभग मूकदर्शक बना हुआ है। जंगलों में दिन हो या रात, आग की घटनाएं सामने आ रही हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी समय रहते उसे रोकने या आग लगाने वालों पर कार्रवाई करते नजर नहीं आते। इससे साफ तौर पर विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होने लगे हैं। दरअसल इन दिनों महुआ का सीजन चल रहा है। महुआ बीनने में आसानी के लिए कुछ असामाजिक तत्व जानबूझकर पेड़ों के नीचे सूखी घास और खरपतवार में आग लगा देते हैं। शुरुआत में यह आग छोटी होती है, लेकिन तेज हवा और सूखे पत्तों के कारण देखते ही देखते पूरे जंगल में फैल जाती है। इससे महुआ के पेड़ों के नीचे उगने वाले छोटे पौधे, वनस्पतियां और कई प्रकार की जैव विविधता जलकर नष्ट हो जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर वन विभाग के रेन्जर, सर्किल दरोगा, नाकेदार, वन रक्षक और फायर वाचर नियमित रूप से जंगलों में सुबह-शाम गश्त करें तो आग लगाने वालों पर काफी हद तक अंकुश लगाया जा सकता है। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि कई जगहों पर वन अमले की गश्त सिर्फ सड़कों तक ही सीमित रह जाती है। जंगल के अंदर जाकर निगरानी करने की गंभीरता दिखाई नहीं देती।



### असामाजिक तत्व एवं महुआ बना आग का कारण

जंगलों से महुआ बिनामही सबसे बड़ी वजह है कि असामाजिक तत्व बेखौफ होकर जंगलों में आग लगाने का काम कर रहे हैं। उन्हें इस बात का डर ही नहीं रह गया है कि कोई कार्रवाई होगी। परिणामस्वरूप हर साल महुआ सीजन में बड़ी मात्रा में वन संपदा जलकर राख हो जाती है और जंगल का घनत्व लगातार कम होता जा रहा है। विभागीय व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। जानकारी के मुताबिक कई जगहों पर एक ही नाका को दो से तीन बिट का चार्ज दे दिया गया है। ऐसे में एक नाकेदार के लिए इतने बड़े इलाके की निगरानी करना बेहद मुश्किल हो जाता है। जब एक साथ कई

### हरियाली पर गंभीर संकट

जंगलों में लगने वाली आग से सिर्फ पेड़ों के नीचे की घास ही नहीं जलती, बल्कि कई छोटे पौधे और वन्य जीवों का प्राकृतिक आवास भी नष्ट हो जाता है। लंबे समय तक ऐसी स्थिति बनी रही तो बादलखोल अभ्यारण्य की जैव विविधता और हरियाली पर गंभीर संकट खड़ा हो सकता है। वन विभाग की ओर से समय-समय पर ग्रामीणों से जंगलों में आग नहीं लगाने की अपील जरूर की जाती है, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका असर बहुत कम दिखाई देता है।असामाजिक तत्व हर साल महुआ सीजन में आग लगाने की घटनाओं को अंजाम देते हैं और विभागीय लापरवाही के कारण उनका मनोबल और बढ़ता जा रहा है।



### वन विभाग की तत्परता से टली बड़ी वन क्षति

जशपुर वनमंडल अंतर्गत दो अलग-अलग स्थानों पर लगी वनाग्नि को वन विभाग ने समय रहते नियंत्रित कर लिया है। इसके फलस्वरूप बड़ी वन क्षति होने से बचाव हो गया है। यह कार्यवाही डीएफओ जशपुर के निर्देशन में की गई। वनमंडलाधिकारी जशपुर शशिकुमार ने बताया कि 14 मार्च 2026 की रात्रि में दुलदुला वन परिक्षेत्र के रानीबंध क्षेत्र तथा बगीचा वन परिक्षेत्र के अहिनमाड़ा जंगल में आग लगने की सूचना दूरभाष के माध्यम से वन विभाग को प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला तत्काल सक्रिय हो गया और मौके पर पहुंचकर आग पर नियंत्रण के लिए कार्यवाही प्रारंभ की गई। दुलदुला वन परिक्षेत्र अंतर्गत रानीबंध क्षेत्र में आग लगने की सूचना मिलते ही परिक्षेत्र के वन अमले ने तत्काल मौके पर पहुंचकर रात्रि में ही त्वरित प्रयास करते हुए आग पर सफलतापूर्वक नियंत्रण प्राप्त कर लिया।

- जशपुर वनमंडल में दो स्थानों पर लगी आग पर रातों-रात पाया गया नियंत्रण

इसी प्रकार बगीचा वन परिक्षेत्र के अहिनमाड़ा जंगल में आग लगने की सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्राधिकारी बगीचा सुश्री यशस्वी मौर्य, प्रशिक्षु भा.व.से. स्वयं वन अमले के साथ मौके पर पहुंचीं। लगातार प्रयास करते हुए रात्रि लगभग 12 बजे तक आग को आसपास के वनों में फैलने से पहले ही नियंत्रित कर लिया गया। वन विभाग की तत्परता और समन्वित प्रयासों के कारण दोनों स्थानों पर आग को शीघ्र नियंत्रित कर लिया गया, जिससे किसी भी प्रकार की बड़ी वन क्षति नहीं हुई। विभाग द्वारा संबंधित क्षेत्रों में लगातार निगरानी और गश्त की जा रही है, ताकि आग की पुनरावृत्ति को रोका जा सके और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। वन विभाग द्वारा स्थानीय ग्रामीणों को भी वनों में आग लगने से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया जा रहा है ।

# गौ तस्करी रोकने 50 से अधिक पुलिस बल के साथ जंगल में उतरे एसएसपी

**जशपुरनगर।** जिले में गौ तस्करी पर प्रभावी रोक लगाने के लिए, जशपुर पुलिस ने बड़ा अभियान चलाया है। डी आई जी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशन में थाना नारायणपुर क्षेत्र के जंगलों और संभावित मार्गों पर सघन सर्च ऑपरेशन किया गया। इस दौरान एसएसपी स्वयं लगभग 50 से अधिक पुलिस बल के साथ ग्राम किनकेल, खरवाटोली और पाकरकुंदर के जंगलों में पैदल पहुंचकर गौ तस्करी के संभावित रास्तों का निरीक्षण किया। पुलिस ने इन मार्गों को चिन्हित कर कई रास्तों को ब्लॉक कर दिया है और लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि गौ तस्करी में संलिप्त पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। सर्च अभियान के साथ ही पुलिस ने कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत ग्रामीणों के साथ बैठक कर उन्हें गौ तस्करी, नशे के दुष्प्रभाव और बच्चों की शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया।

- नारायणपुर क्षेत्र के जंगलों में सर्च ऑपरेशन, संभावित रास्ते ब्लॉक



**पुलिस मितान टीम का गठन:** अभियान के दौरान एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने किनकेल, चट्टानपारा और पाकरकुंदर में "पुलिस मितान टीम" का गठन किया। यह टीम क्षेत्र में गौ तस्करी सहित अन्य आपराधिक गतिविधियों की सूचना पुलिस को उपलब्ध कराएगी, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

### प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क निर्माण में अनियमितता

**जशपुरनगर।** जिले के बगीचा अनुविभाग में पीएमजीएसवाई द्वारा पीएम जनमन योजना के तहत करोड़ों रूपए के लागत से बनी प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क अनियमितता की भेंट चढ़ गई। यह सड़क अभी कुछ माह पहले ही बनकर तैयार हुई थी लेकिन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही, उदासीनता एवं ठेकेदार के गुणवत्ताहीन कार्य के चलते यह सड़क उखड़ने लगी है। पहाड़ी कोरवा बस्ती के ग्रामीणों ने विधायक रायमुनी भगत को फोन कर इसकी सूचना दी। विधायक रायमुनि भगत मौके पर पहुंचि और सड़क की गुणवत्ता को देखकर भड़क गई। उन्होंने विभाग के कार्यपालन यंत्री संतोष नाग को वीडियो कॉल में सड़क की दुर्दशा दिखाई और पुनः सड़क को बनाने का निर्देश दिया। कल तक काम शुरू नही होने पर विधानसभा में मामला उठाने की बात भी कही।

# शिक्षक की हार्टअटैक से मौत के बाद सिविल अस्पताल में भटकते रहे परिजन

**पत्थलगांव।** नगर स्थित सिविल अस्पताल अपनी अव्यवस्थाओं पर आंसू बहा रहा है। यहां आने वाले मरीजों व उनके परिजन को न केवल भटकना पड़ता है, बल्कि उचित इलाज व व्यवहार भी नहीं मिल पा रहा है। ताजा घटना में हार्ट अटैक से पीड़ित एक शिक्षक को जब अस्पताल लाया गया तो न यहां कोई डाक्टर मिला और न ही कोई नर्स उपचार के लिए तैयार हुआ। इतना ही नहीं कोई यह बताने वाला भी नहीं मिला कि शिक्षक जीवित हैं या नहीं। परिजन के काफी हाथ पैर मारने के बाद एक डाक्टर ने उनकी मौत की पुष्टि की।

- मरीजों व परिजन को नहीं मिलती ड्यूटी डाक्टर की जानकारी

जानकारी के अनुसार सिविल अस्पताल से मात्र 50 मीटर की दूरी में शिक्षक कार्तिककेश्वर निषाद को कार में ही हार्ट अटैक आया। आनन फानन में आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें सीपीआर देकर जान बचाने का प्रयास किया और पास में मौजूद सिविल अस्पताल ले गए। अस्पताल के मेन गेट में कार खड़ी कर परिजन डाक्टर की तलाश करने लगे लेकिन वहां न डाक्टर मिला और न ही कोई नर्स मौजूद थी। कार्तिकेश्वर निषाद के परिवार के लोगों ने डाक्टर के संबंध में पता किया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। यहां तक कि वहां मौजूद कोई नर्स भी शिक्षक को देखने नहीं पहुंची। ड्यूटी डाक्टर का पता करने पर डॉक्टर संदीप भारतेंदु को 7 बजकर 52 मिनट पर फोन किया गया पर उन्होंने अपनी ड्यूटी नहीं होने की बात कही। फिर शिक्षक के परिवार वालों ने नर्स को ड्यूटी डॉक्टर का पता करने या बुलाने भेजा तो 8 बजे डाक्टर जया परहा नीचे अस्पताल के गेट में पहुंची। डॉक्टर जया परहा से अस्पताल के गेट के पास ही शिक्षक की स्थिति देखने कहा गया लेकिन वे मरीज को देखने या जान बचाने की कोई पहल करने बजाय मौजूद लोगों से बहस करने लगीं। इसके बाद वहां मौजूद डॉक्टर शकुंतला निशाद को बुलाया गया और उन्होंने कार्तिकेश्वर निशाद की मौत की पुष्टि की। अस्पताल की बाकी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए वहां मौजूद डॉक्टर जया परहा को कहा गया तो उन्होंने कि मेरा समय खत्म हो चुका है कहकर पल्ला झाड़ लिया।



#### गेट पर नहीं मिला कोई

रविवार सुबह 7 बजकर 10 मिनट से सीविल अस्पताल के गेट के पास मौजूद पार्षद अजय अग्रवाल ने कहा कार में बैठे निषाद की हार्ट अटैक से मौत होने के बाद गेट के पास उन्हें लाया गया पर अस्पताल के गेट के पास न कोई अटेंडर या वार्ड बाय मौजूद नहीं था ऊपर परिवार के लोग डॉक्टर या नर्स को बुलाने गए वहां भी कोई नहीं था। गेट के पास मौजूद लोग अन्य डॉक्टरों को फोन करते रहे। सिविल अस्पताल की व्यवस्थाएं आखिर कब सुधरेगी, कैसे और क्यों सरकारी अस्पताल लेकर मरीज आएं। सरकारी अस्पताल की लेट लतीफी के चक्कर में मरीज और उसके परिवार वाले क्या करेंगे कहां भागते फिरेंगे। यह सब देखकर अच्छा नहीं लगता।

#### ड्यूटी पर कौन पता नहीं चलता

समाजसेवी मुकेश अग्रवाल ने बताया कि कार्तिकेश्वर निशाद की कार में बैठे हार्ट अटैक से मौत हुई। लोगों को इधर उधर भागते देखा। टिंकू सामन्त ने सीपीआर देकर जान बचाने का प्रयास किया पर जान नहीं बचाई जा सकी। अस्पताल के गेट के पास आधे घण्टे से निशाद के परिवार के लोग और मौजूद अन्य लोग डाक्टर और नर्स की खोज खबर करते रहे। हमेशा की तरह किसी का कोई पता नहीं चला। अस्पताल का आपातकालीन चिकित्सा पटल पूरा खाली है। किसकी ड्यूटी है कोई पता नहीं। आठ बजे जो डॉक्टर अस्पताल के गेट के पास आई भी तो किसी तरह की कोई संवेदनशीलता नहीं दिखाई।


#### नहीं मिलती जानकारी

अस्पताल में ड्यूटी डाक्टर कौन है। इसकी जानकारी कभी किसी को नहीं रहती क्योंकि ड्यूटी बोर्ड खाली रहता है। सिर्फ जिसकी ड्यूटी है उसे ही मालूम रहता है कि आज ड्यूटी किसकी है। बाकी लोगों को अस्पताल में आने वाले मरीज या उनके परिवार जनो को ड्यूटी डाक्टर की जानकारी नहीं रहती। अस्पताल बोर्ड में कभी जानकारी लिखी मिलती ही नहीं।

# निरंतर आगे बढ़ रहा है नीरज फाउंडेशन स्कूल: बाजपेयी

**पत्थलगांव।** नीरज फाउंडेशन स्कूल के फाउंडर नीरज बाजपेयी स्कूल पहुंचकर स्कल की गतिविधियों से अवगत हुए। इस दौरान उन्होंने स्कूल के बच्चों के पालकों से अलग अलग चर्चा कर स्कूल के पढ़ाई से लेकर अन्य गतिविधियों पर चर्चा की।

नीरज फाउंडेशन स्कूल को खुले पूरे 3 वर्ष हो चुके हैं। स्कूल के डायरेक्टर सन्नी भाटिया और हरनिस कौर भाटिया की तारीफ करते हुए नीरज बाजपेयी ने कहा कि शहर के बीच मौजूद स्कूल को उन्होंने अच्छी तरह से स्कूल को मैनेज किया है। व्यवस्थाएं अच्छी बनाई गई है। आगे चलकर इस स्कूल को सीबीएसई स्कूल बनना है जिसके लिए तय मापदंडों का पालन करना बेहद जरूरी है जिसमें



डेढ़ एकड़ का प्लाट होना मुख्य बात है जो शहर के बीच में मिल पाना काफी मुश्किल है इसलिए थोड़ा शहर से अगल बगल में जगह देख कर लें जिससे आगे चलकर स्कूल बड़ा स्वरूप से लेकर समस्त स्कूली गतिविधियों शामिल हो संके। इस तरफ काम हो रहा है। मात्र 3 वर्ष में 250 प्लस स्कूली बच्चों का होना ये साबित करता है कि स्कूल छात्रों को अच्छी तरह से पढ़ाते हुए आगे बढ़ रहे हैं। आज से 23 वर्ष पहले राजनांदगांव से शुरू किया हुआ स्कूल विशाल बन चुका है। लगभग 8 हजार बच्चे हमारे स्कूल से शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने स्कूल के बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के साथ उन्हें अच्छे संस्कार भी दें जिससे वे कल बड़े होकर नेक इंसान बनें। खूब नाम कमाए और जीवन पथ में आगे बढ़ते रहे स्कूली बच्चो को पढ़ाई के साथ अपने संस्कृति को जानना बेहद जरूरी है। अपने माता पिता की बात अवश्य माने सभी पालकों का कर्तब्य है। कि बच्चो को पढ़ाई के साथ सामाजिक रीति रिवाज हमारी संस्कृति से उन्हें लगातार अवगत कराते रहें। नीरज फाउंडेशन स्कूल के डायरेक्टर सन्नी भाटिया और हरनिस कौर के स्कूल के प्रति समर्पण को देख कर बहुत अच्छा लगता है। इसी तरह समर्पित होकर स्कूल में बच्चो की पढ़ाई , खेलकूद में विशेष ध्यान देना बड़ी बात है तभी स्कूल आगे चलकर बड़ा बनता है।

### एनईएस महाविद्यालय में दो दिवसीय विद्यार्थी शोधशाला का समापन

# जशपुर में शोध गंगा का शुभ प्रवाह : डॉ अमरेंद्र

**जशपुरनगर।** शासकीय रामभजन राय एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 13 मार्च से आयोजित दो दिवसीय विद्यार्थी शोधशाला का समापन शनिवार को हुआ। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को शोध के प्रति संवेदनशील बनाना तथा उन्हें अनुसंधान की मूलभूत अवधारणाओं, पद्धतियों और व्यवहारिक पक्षों से परिचित कराना था।

कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय द्वारा छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग, रायपुर के निर्देशानुसार एवं रूसा के वित्तीय सहयोग से किया गया। कार्यशाला के दौरान शोध प्रविधि से जुड़े विभिन्न आयामों, शोध की आवश्यकता, पद्धति तथा शैक्षणिक लेखन की प्रक्रिया पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।महाविद्यालय के प्राचार्य एवं कार्यशाला के संरक्षक डॉ. अमरेंद्र ने अपने उद्बोधन कहा कि जशपुर में शोधगंगा का शुभ प्रवाह हुआ है। महाविद्यालय में पहली बार ऐसे कार्यशाला का आयोजन हुआ। और हमारा निरंतर प्रयास रहेगा कि छात्र-छात्राओं में शोध संस्कृति विकसित हो, अकादमिक दृष्टि समृद्ध बने और अनुसंधान के प्रति गंभीर अभिरुचि बढ़े।रिसोर्स पर्सन अमित कुमार सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र, रांची विश्वविद्यालय ने शोध में एआई के उपयोग पर प्रभावी व्याख्यान दिए। रिसोर्स पर्सन डॉ. संजय कुमार यादव, सहायक प्राध्यापक, मार्केटिंग, सर पदमपत सिंघानिया विश्वविद्यालय, उदयपुर, राजस्थान ने आभासी पटल के माध्यम से शोध उपकरणों एवं तकनीकों के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि आधुनिक शोध में सांख्यिकीय उपकरणों, डिजिटल संसाधनों, सर्वेक्षण पद्धति तथा आंकड़ों के वैज्ञानिक विश्लेषण का महत्वपूर्ण स्थान है। इसी क्रम में डॉ. राजकमल मिश्रा, विभागाध्यक्ष, अंग्रेजी, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अंबिकापुर ने शोध अंतराल तथा साहित्य समीक्षा के विषय में विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने शोध कार्य में पूर्ववर्ती अध्ययनों के गहन अध्ययन, संदर्भों के उचित उपयोग तथा नवीन शोध दृष्टि के विकास की आवश्यकता पर विशेष बल दिया।



वहीं डॉ. अनिल कुमार सिन्हा, प्राचार्य, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अंबिकापुर ने शोध नैतिकता के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# साउथ पॉइंट इंग्लिश स्कूल में फॉस्टर किड्स प्ले का शुभारंभ

**जशपुरनगर।** शहर के साउथ पॉइंट इंग्लिश स्कूल में 14 मार्च को 'फॉस्टर किड्स' प्ले स्कूल का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत थे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई। इस अवसर पर बीईओ कल्पना टोप्पो, एबीओ तुमनु गोसाई, स्कूल के एमडी वी.पी. गुप्ता, एसडीओ विजय गुप्ता, शशि गुप्ता, पार्षद शैलेन्द्री, पार्षद विजेता सहित अभिभावक और स्कूल परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत नर्सरी के बच्चों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक स्वागत नृत्य से हुई, जिसने उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया।

- खेल-खेल में शिक्षा पर दिया गया जोर

इसके बाद प्रशिक्षित शिक्षकों ने 'फॉस्टर किड्स' की अवधारणा और इसके पाठ्यक्रम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा देने पर विशेष जोर दिया जाएगा, जिससे उनकी रचनात्मकता और आत्मविश्वास का विकास हो सके। एबीओ तुमनु गोसाई ने अपने संबोधन में प्ले-वे लर्निंग पद्धति की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रारंभिक शिक्षा बच्चों के सर्वांगीण विकास की नींव होती है। वहीं मुख्य अतिथि अरविंद भगत ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि बच्चों को स्कूल के वातावरण में सहजता और रुचि के साथ सीखने का अवसर मिलना चाहिए।



# ‘कॉकटेल 2’ सिनेमाघरों में 18 मार्च को होगी रिलीज...

**मुंबई।** शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सैनन की तिकड़ी वाली फिल्म ‘कॉकटेल 2’ लंबे समय से चर्चा में है। पिछले दिनों खबर आई थी कि फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है जिसके बाद से फैंस इसकी झलक देखने के लिए उतावले थे। इस बीच, निर्माता मैडॉक फिल्म्स ने ‘कॉकटेल 2’ से जुड़ा एक बड़ा अपडेट साझा किया है। उन्होंने आधिकारिक ऐलान करते हुए बताया है कि फिल्म की पहली झलक को ‘धुरंधर 2’ के साथ जारी किया जाएगा। निर्माताओं ने ‘कॉकटेल 2’ से कृति, रश्मिका और शाहिद की तस्वीरें साझा की हैं जो फिल्म से जुड़ी प्रतीत होती हैं।

## लाइफ Style

# प्रियंका

## ‘द ब्लफ’ ने बनाया 30 करोड़ मिनट का महा-रिकॉर्ड


प्रियंका चोपड़ा ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि उन्हें दुनियाभर के दर्शकों का बेशुमार प्यार क्यों मिलता है। उनकी हालिया रिलीज हॉलीवुड फिल्म ‘द ब्लफ’ ने स्ट्रीमिंग की दुनिया में झंडे गाड़ दिए हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

समीक्षकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिलने के बावजूद अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होते ही ये फिल्म दुनिया की सबसे ज्यादा देखी जाने वाली स्ट्रीमिंग ओरिजिनल फिल्म बन गई है। प्रियंका ने ‘द ब्लफ’ में ‘ब्लडी मैरी’ का एक बेहद उग्र और साहसी अवतार अपनाया है। हालांकि, फिल्म को समीक्षकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली, लेकिन स्ट्रीमिंग की रेस में इसने बाजी मार ली है। ‘द ब्लफ’ दुनियाभर के ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर सबसे ज्यादा देखी जाने वाली ओरिजिनल फिल्म बनकर उभरी है। वैराइटी के मुताबिक, फिल्म ने ‘स्ट्रीमिंग ओरिजिनल्सः फिल्म’ चार्ट में शीर्ष स्थान हासिल किया है। ये डेटा 27 फरवरी से 5 मार्च, 2026 के बीच की अवधि का है। प्रियंका की इस जीत से उनके प्रशंसक सातवें आसमान पर हैं। ‘द ब्लफ’ की कहानी कैरिबियन द्वीप के एक खूबसूरत कस्बे में रहने वाली एर्सेल बोर्डन (प्रियंका) के इर्द-गिर्द घूमती है। एर्सेल एक साधारण मछुआरिन की तरह अपने बेटे और ननद के साथ शांति से जीवन बिता रही है, लेकिन ये शांति तब भंग हो जाती है, जब उसके पति, नाविक टीएच बोर्डन (इस्माइल क्रूज कोर्डोवा) को कॉनर (कार्ल अर्बन) नाम का एक क्रूर समुद्री डाकू बंदी बना लेता है।





## हॉलीवुड मसाला



# ऑस्कर में बजाया था भारत का डंका

**नई दिल्ली।** ऑस्कर 2026 का काउंटडाउन शुरू हो चुका है और पूरी दुनिया की नजरें 15 मार्च को होने वाले इस बड़े अवॉर्ड शो पर टिकी हैं। भारत में भी हर साल की तरह इस बार भी ऑस्कर को लेकर काफी एक्साइटमेंट है। इसी बीच एक दिलचस्प सवाल फिर चर्चा में आ गया है कि आखिर वो कौन-सी फिल्म थी जिसने सबसे पहले ऑस्कर के मंच पर भारत का नाम चमकाया था। इसका जवाब है 1982 में आई फिल्म ‘गांधी’। महात्मा गांधी की जिंदगी और उनके संघर्ष पर बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में खूब तारीफ बटोरी थी।



# गेम्स ऑफ थ्रोन्स का जादू कायम मिली 9.7 की ऐतिहासिक रेटिंग

**लॉस एंजिल्स।** एचबीओ की नई सीरीज ‘ए नाइट ऑफ द सेवन किंगडम्स ने दर्शकों को फिर से वेस्टरोस की दुनिया में खींच लिया है। सीरीज का चौथा एपिसोड ‘सेवन’ आईएमडीबी पर 9.7 की रेटिंग हासिल कर चुका है, जो ना सिर्फ इस सीरीज का अब तक का सबसे ऊंचा स्कोर है, बल्कि पूरे ‘गेम ऑफ थ्रोन्स’ यूनिवर्स में सबसे अधिक रेटेड एपिसोड्स में से एक बन गया है। यह एपिसोड फरवरी, 2026 को रिलीज हुआ था, जो सुपर बाउल 60 के कारण अपनी नियमित साप्ताहिक रिलीज से पहले आया। दर्शकों की प्रतिक्रियाओं से साफ है कि जॉर्ज आर.आर. मार्टिन की नॉवेला पर आधारित यह प्रीक्वल सीरीज उम्मीदों से कहीं आगे निकल रही है। पहले तीन एपिसोड्स ने दर्शकों को टूर्नामेंट्स, स्क्वायर की मजाकिया बातचीत और हल्के-फुल्के माहौल से परिचित कराया, लेकिन चौथा एपिसोड ‘सेवन’ ने कहानी को एक गंभीर मोड़ दिया।



# क्रांतिकारी महिला की बायोपिक का हिस्सा

**मुंबई।** अभिनेत्री कंगना रनौत ने अपने राजनीति करियर से समय निकालकर फिल्मी दुनिया में वापसी कर ली है। साल की शुरुआत में खबर आई थी कि वह अपनी 2024 में घोषित फिल्म ‘भारत भाग्य विधाता’ की शूटिंग में जुट गई हैं। अब एक नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि कंगना अगली फिल्म के लिए बातचीत के दौर में हैं। भारत की पहली क्रांतिकारी महिला जासूस पर आधारित इस बायोपिक का निर्देशन शिवम नायर कर सकते हैं। बॉक्स ऑफिस वर्ल्डवाइड के मुताबिक, कंगना एक फीचर बायोपिक के लिए बातचीत कर रही हैं जिसमें वह नीरा आर्य का किरदार निभाती दिखाई दे सकती हैं। निर्माता शिवम नायर से निर्देशन के लिए संपर्क किया गया है, जिन्हें ‘नाम शबाना’ और ‘द डिप्लोमैट’ जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है।



# ‘नागबंधम’ के ‘नमो रे’ गाने का पोस्टर जारी

**मुंबई।** बेहद चर्चित फिल्म नागबंधम के मेकर्स ने इसके पहले गाने “नमो रे” के प्रोमो रिलीज की तारीख का ऐलान कर दिया है। पूरा गाना 15 मार्च 2026 को रिलीज किया जाएगा। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर फिल्म का टीज़र आने के बाद से ही इसे लेकर काफी चर्चा है। इस टीज़र ने रिलीज के महज 24 घंटों में 20 मिलियन (2 करोड़) से ज्यादा व्यूज पार कर लिए थे। रिपोर्ट के अनुसार यह 2026 की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक बन गई है। सोशल मीडिया पर यह खबर शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, “एक पवित्र गूंज आने वाली है और नागबंधन का म्यूजिकल सफर शुरू हो रहा है। पहला सिंगल प्रोमो कल आ रहा है पूरा गाना 15 मार्च को सुबह 11.11 बजे रिलीज होगा। नागबंधन का टीजर काफी पसंद किया गया

## टीवी मसाला



# ‘घर जेल’ सीक्वेंस में दुख और मज़बूती का संतुलन दिखाना भावुक अनुभव

**मुंबई।** अभिनेत्री करूणा पांडे का कहना है कि एक अभिनेत्री के तौर पर सोनी सब के शो पुष्पा इम्पॉसिबल के ‘घर जेल’ सीक्वेंस में दुख और मज़बूती का संतुलन दिखाना उनके लिए भावुक अनुभव रहा। सोनी सब का शो पुष्पा इम्पॉसिबल एक प्रेरणादायक कहानी है पुष्पा (करुणा पांडे) की, जो एक मज़बूत और आत्मनिर्भर महिला है। गृहिणी से वकील बनने तक का सफ़र तय करने वाली पुष्पा ने जिंदगी की सबसे कठिन चुनौतियों का सामना किया है। निजी दुखों के बावजूद वह न्याय की लड़ाई लड़ती है और अपने मूल्यों पर अडिग रहती है, चाहे रास्ता कितना भी मुश्किल क्यों न हो। आने वाले एपिसोड्स में शनाया (मुस्कान बामने) के खिलाफ़ चल रहे केस में कोर्ट का फैसला सबको हैरान कर देगा। सबूतों से साबित होता है कि शनाया की लापरवाह ड्राइविंग की वजह से पुष्पा की बहू, प्रार्थना (पूजा कटुर्दे) की मौत हुई, लेकिन जब कोर्ट शनाया की उम्र को ध्यान में रखता है, तो मामला नया मोड़ लेता है। चूंकि शनाया नाबालिग है, उसे सामान्य जेल की सज़ा नहीं दी जा सकती। इसके बजाय जज एक अनोखा फ़ैसला सुनाते हैं शनाया को ‘घर जेल’ की सज़ा मिलती है, जिसके तहत उसे पुष्पा की देखरेख में उनके चाल में रहना होगा। यह फ़ैसला पुष्पा के परिवार और पूरे समुदाय को झकझोर देता है। हर कोई उस इंसान को अपने बीच स्वीकार करने को तैयार नहीं है, जिसकी वजह से उन्होंने अपने प्रियजन को खोया। दूसरी ओर, शनाया के लिए चाल की ज़िंदगी में ढलना बेहद मुश्किल है। लेकिन पुष्पा का मानना है कि जवाबदेही के साथ आत्मचिंतन और बदलाव ज़रूरी है। जैसे ही शनाया पुष्पा की दुनिया में कदम रखती है, रिश्तों में तनाव और भावनाओं का तूफ़ान और गहरा हो जाता है। शो में पुष्पा का किरदार निभा रही करुणा पांडे ने कहा कि पूरा कोर्टरूम सीक्वेंस बहुत भावुक है क्योंकि पुष्पा अपनी बहू प्रार्थना के लिए न्याय की लड़ाई लड़ रही है। लेकिन जब फ़ैसला आता है, तो वह किसी ने सोचा भी नहीं था। चूँकि शनाया नाबालिग है, कोर्ट ‘घर जेल’ का फ़ैसला सुनाता है, जहाँ उसे पुष्पा की देखरेख में रहना होगा। यह स्थिति पुष्पा के लिए बेहद जटिल है। एक माँ के तौर पर और एक इंसान के तौर पर जो न्याय में विश्वास रखती है। इस सीक्वेंस को शूट करते समय मैं लगातार सोच रही थी कि पुष्पा के लिए कितना कठिन होगा उस इंसान के साथ रहना, जो उसे उसकी गहरी पीड़ा की याद दिलाता है।

# ऐन वक्त पर पेरिस के बड़े इवेंट से हुई बाहर

*मुंबई। पूर्वी एशिया में बढ़ते तनाव और युद्ध जैसे हालातों का असर अब बॉलीवुड सितारों पर भी दिखने लगा है। सुरक्षा कारणों से उड़ानें रद्द होने के चलते अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को अपना पेरिस दौरा रद्द करना पड़ा है। दीपिका एक बड़े अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाली थीं, लेकिन उड़ानें रद्द होने के कारण वो इस इवेंट से पीछे हट गई हैं। दीपिका की टीम ने सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए इस दौरे को रद्द करने का फैसला किया है।*

## मिडिल ईस्ट में तनाव बना मुख्य कारण

ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमले के बाद उपजे भीषण युद्ध के हालातों का असर अब बॉलीवुड की वैश्विक गतिविधियों पर दिखने लगा है। अभिनेत्री और लग्जरी ब्रांड लुई विटों की ग्लोबल एंबेसडर दीपिका पादुकोण को अपनी पेरिस यात्रा और वहां होने वाले एक बड़े अंतरराष्ट्रीय इवेंट से ऐन वक्त पर पीछे हटना पड़ा है। तनावपूर्ण स्थिति के कारण विमान परिचालन बेहद सीमित कर दिया गया है, जिसके चलते दीपिका की फ्लाइट आखिरी समय पर रद्द कर दी गई।

सब कुछ था तैयार, लेकिन हालात बने रुकावट सूत्रों के मुताबिक, दीपिका इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पूरी तरह तैयार थीं। उन्होंने अपने कपड़े फाइनल कर लिए थे और फिटिंग्स भी शुरू हो



चुकी थी। हालांकि, पिछले कुछ दिनों में पश्चिम एशिया में बिगड़ते हालातों के चलते उनकी फ्लाइट रद्द कर दी गई। युद्ध की गंभीरता और सुरक्षा जोखिमों को देखते हुए दीपिका ने इस समय यात्रा करना उचित नहीं समझा और आखिरकार इस इवेंट से अपना नाम वापस ले लिया।

## दीपिका के पास ये 2 बड़ी फिल्में

दीपिका एक बार फिर शाहरुख खान संग स्क्रीन शेयर करती दिखेंगी। फिल्म में शाहरुख की बेटी, सुहाना खान भी मुख्य भूमिका में हैं। शाहरुख के साथ चेन्नई एक्सप्रेस, ओम शांति ओम, हैप्पी न्यू ईयर और पठान जैसी फिल्मों में काम करने के बाद दीपिका एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर धमाका करने को तैयार हैं। उधर साउथ के मशहूर निर्देशक एटली की अगली फिल्म भी दीपिका के पास है, जिसमें उनकी जोड़ी पहली बार अल्लू अर्जुन के साथ बनी है।

# धुरंधर 2 में यादगार किरदार निभाते आएंगी नजर...

**मुंबई।** रणवीर सिंह की आगामी फिल्म ‘धुरंधर 2: द रिवेंज’ इस वक्त सोशल मीडिया पर लगातार चर्चा बटोर रही है। एक ओर फैंस इसकी रिलीज तारीख पर नजरें गड़ाए बैठे हैं। दूसरी तरफ इसकी कहानी और किरदार से जुड़ी हर छोटी-बड़ी बातें उनका ध्यान खींच रही हैं। अटकलें तो पहले से हैं कि यामी गौतम ‘धुरंधर 2’ में दमदार कैमियो के साथ दर्शकों को चौंका देंगी। अब उनके किरदार को लेकर एक ताजा जानकारी हाथ लगी है।

## ‘धुरंधर 2’ में क्या होगा यामी गौतम का किरदार?

बॉक्स ऑफिस वर्ल्डवाइड के मुताबिक, ‘धुरंधर 2’ में यामी का कैमियो एक अस्पताल के दृश्य में होगा। उनकी मौजूदगी क्षणिक नहीं होगी, बल्कि एक महत्वपूर्ण भूमिका होगी। रिपोर्ट के अनुसार, यामी का कैमियो कहानी को एक महत्वपूर्ण मोड़ पर आगे बढ़ाने के लिए रखा गया है। वहीं कुछ रिपोर्ट्स में दावा है कि अभिनेत्री वही खुफिया अधिकारी की भूमिका में दिखेंगी जो उन्होंने विक्की कौशल की फिल्म ‘उरी’ में निभाया था। हालांकि, इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।



## जानिए कब रिलीज हो रही ‘धुरंधर 2’

‘धुरंधर 2’ अगले हफ्ते 19 मार्च, 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। यह दिसंबर, 2025 में आई ‘धुरंधर’ का दूसरा पार्ट है जिससे लोगों को काफी उम्मीदें हैं। ऐसा इसलिए भी क्योंकि पहली किस्त ने दुनियाभर में शानदार प्रदर्शन करते हुए 1340 करोड़ रुपये से ज्यादा कारोबार किया था। यह 2025 की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक बनकर उभरी थी। अब देखना होगा कि ‘धुरंधर 2’ इस रिकॉर्ड तो तोड़ती है या नहीं।

## फिल्म रणबाली 1870 के दशक की पृष्ठभूमि पर आधारित

# साउथ से बॉलीवुड तक, रश्मिका इन बड़ी फिल्मों से करेंगी बॉक्स ऑफिस पर राज

*मुंबई। भारतीय सिनेमा में ‘नेशनल क्रश’ के नाम से मशहूर रश्मिका मंदाना इन दिनों सफलता के उस मुकाम पर हैं, जहां हर बड़ा फिल्म मेकर उनके साथ काम करना चाहता है। ‘पुष्पा: द राइज’ की वैश्विक सफलता के बाद, रश्मिका अब रुकने के मूड में नहीं हैं और अब वो अपनी आने वाली कई बड़े बजट की फिल्मों के साथ बॉक्स ऑफिस पर एक बड़ा धमाका करने की तैयारी में हैं। एक नजर रश्मिका की आने वाली चर्चित फिल्मों पर...*

### ‘मायसा’

रश्मिका की आगामी फिल्मों की सूची में ‘मायसा’ एक बेहद खास और चुनौतीपूर्ण प्रोजेक्ट है। ये एक तेलुगू एक्शन ड्रामा है, जिसमें रश्मिका एक ऐसी सशक्त नायक की भूमिका निभा रही हैं, जो पूरी फिल्म की जान और रूह है। इस फिल्म में रश्मिका एक गोंड आदिवासी महिला के रूप में नजर आएंगी। निर्देशक रविंद्र पुल्ले ने रश्मिका के किरदार को काफी बारीकी से गढ़ा है। फिल्म इसी साल के अंत तक सिनेमाघरों में दस्तक दे सकती है।

### ‘रणबाली’

रश्मिका की आगामी फिल्मों में ‘रणबाली’ खूब चर्चा में है, क्योंकि इसमें वो अपने पति विजय देवरकोंडा के साथ नजर आएंगी। शादी के बाद ये दोनों की साथ में पहली फिल्म होगी। फिल्म 1870 के दशक की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें रायलसीमा के स्वतंत्रता सेनानी रणबाली (विजय) के ब्रिटिश शासन के खिलाफ संघर्ष को दिखाया गया है। रश्मिका ‘जयम्मा’ के किरदार में हैं, जो एक मजबूत और महत्वाकांक्षी पत्नी है। फिल्म 11 सितंबर, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



### ‘पुष्पा 3ः द रैम्पेज’

‘पुष्पा’ फ्रैंचाइजी की अपार सफलता के बाद दर्शक इसके तीसरे भाग यानी ‘पुष्पा 3ः द रैम्पेज’ का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म की कहानी इस बार पुष्पा राज (अल्लू अर्जुन) द्वारा अपने खोए हुए साम्राज्य को फिर से हासिल करने पर केंद्रित होगी, जिसमें रश्मिका का किरदार श्रीवल्ली पहले से कहीं अधिक मजबूत और महत्वपूर्ण भूमिका में दिखाई देगा। फिल्म की शूटिंग 2027 में शुरू होने की उम्मीद है। ये 2028 तक दर्शकों के बीच आ सकती है।

### ‘कॉकटेल 2’, ‘एनिमल पार्क’ और ‘AA22xA6’

निर्देशक होमी अदजानिया ‘कॉकटेल 2’ लेकर आ रहे हैं, जिसमें रश्मिका और कृति सैनन के किरदारों के बीच एक लेस्बियन रिलेशनशिप (समलैंगिक संबंध) को दिखाया जा सकता है। शाहिद कपूर फिल्म के हीरो हैं। फिल्म 11 जून 2026 को सिनेमाघरों में आएगी। उधर ‘एनिमल पार्क’ में रश्मिका ‘गीतांजलि’ के रूप में वापसी करेंगी, जो कहानी को आगे ले जाने में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। इसके अलावा अल्लू अर्जुन के साथ रश्मिका बड़ी तेलुगू फिल्म AA22xA6 भी लेकर आ रही हैं।

## खबर संक्षेप

### युवाओं को कौशल निखारने अवसर देता है हाथकरघा संस्थान

**चांपा।** भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान चांपा में अध्ययनरत मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सदस्य, प्रबंधन एवं अनुश्रवण समिति, भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान चांपा एवं समाज सेविका इंजीनियर श्रीमती मंजूषा पाटले के हाथों छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन छात्रवृत्ति एवं पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में सत्र 2025-26 के मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों और उत्कृष्ट उपस्थिति के आधार पर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि इंजी. श्रीमती मंजूषा पाटले ने कहा कि जब किसी के हुनर को संवारना हो और उसे आगे बढ़ाने के लिए गति देनी हो, तो एक मंच की आवश्यकता होती हैं। भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान चांपा ऐसा ही एक मंच हैं, जो युवाओं को अपने कौशल को निखारने और आगे बढ़ने का अवसर देता हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, लगन और अनुशासन के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान रेणु साहू फर्स्ट सेमेस्टर और मोनिका साहू थर्ड सेमेस्टर को उत्कृष्ट अंक और उपस्थिति के आधार पर 1600-1600 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी गई। वहीं यशमिता देवांगन, आदित्य कोरी और रीना मिराज को भी उत्कृष्ट उपस्थिति के लिए 600-600 रुपये की राशि देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के प्राचार्य सौरभ सिंह ठाकुर, डी.डी.ओ. बिहारी लाल पटेल सहित शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बारहवीं बोर्ड परीक्षा में नहीं बना एक भी नकल प्रकरण

**तालदेवरी।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा 24 फरवरी से 14 मार्च तक शांति पूर्वक संपन्न हुई। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तालदेवरी को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। परीक्षा केंद्र तालदेवरी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय डीडीएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर बिर्रा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलादेही, जीनियस पब्लिक स्कूल बिर्रा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तालदेवरी के 233 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा केंद्र में केन्द्राध्यक्ष रमेश कुमार मेहरा दिशानिर्देश, सहायक केन्द्राध्यक्ष सुश्री बबीता भगत मार्गदर्शन, परीक्षा कन्ट्रोलर श्रीमती पापिया चक्रवर्ती व परीक्षा नियंत्रक सहयोगी बंधुराम साहू, योगेश निर्मलकर, हेमन्त कुमार कश्यप, संकुल समन्वयक ललित मनहर के निरंतर व्यवस्था से बारहवीं बोर्ड की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों को अनुचित साधन का उपयोग नहीं किया गया जिसके कारण नकल प्रकरण नहीं बना है। प्रतिदिन परीक्षा कक्ष का केन्द्राध्यक्ष रमेश कुमार मेहरा, सहायक केंद्राध्यक्ष सुश्री बबीता भगत के द्वारा लगातार सभी कमरा का निरीक्षण किया गया। पर्यवेक्षक ड्यूटी में तुलेश्वर देवांगन, हेमन्त कुमार कश्यप, पंकज यादव, कन्हैया देवांगन, नागेश देवांगन, सुरेश कुमार, मनोहर ड़ड़सेना, सुशील नेताम, मनीषा बेबी चौहान, अर्पणा बड़ा, अनिता राज, प्रीति मिंज, गुड़िया केंवट, माधुरी तंबोली, पुष्पा कश्यप, मनोज देवांगन, कृष्ण कुमार कश्यप नवधा चद्रा शामिल थे।

### पुलिस बनकर धमकाया युवक ने की आत्महत्या

**जांजगीर-चांपा।** पुलिस बन कर एक युवक ने फोन कर एक अन्य युवक को धमकाया। धमकीभरा फोन आने के बाद तनाव में आकर युवक ने आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले उसने एक वीडियो बनाया। इसके आधार पर पुलिस ने धमकाने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 13 मार्च को कोरबा जिले के उरगा चौकी क्षेत्र में एक युवक ने आत्महत्या कर ली। युवक ने सुसाइड से पहले एक वीडियो बनाकर वायरल किया। मृतक 25 वर्षीय सनत कुमार कश्यप जांजगीर चाम्पा जिले के ग्राम चोरभट्टी का रहने वाला था जो उरगा चौकी क्षेत्र के पताड़ी में काम करता था।

## रायगढ़ सहित जिलेभर में बड़ी संख्या में मामलों का समाधान

# नेशनल लोक अदालत में 29 खंडपीठों में हुई सुनवाई, 6806 लंबित प्रकरणों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार आज रायगढ़ जिले में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला न्यायालय रायगढ़ में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जितेन्द्र कुमार जैन ने न्यायालयीन सभागार में माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

लोक अदालत के सफल संचालन के लिए जिला मुख्यालय रायगढ़ के साथ साथ तहसील न्यायालय सारंगढ़, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, खरसिया, भटगांव और बिलाईगढ़ में भी खंडपीठों का गठन किया गया। इसके अतिरिक्त परिवार न्यायालय, श्रम न्यायालय तथा किशोर न्याय बोर्ड को मिलाकर कुल 29 खंडपीठों का गठन किया गया। रायगढ़ एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ के राजस्व न्यायालयों में भी खंडपीठों का गठन



लोक अदालत के दौरान चर्चा करते न्यायाधीश।

कर मामलों के निराकरण की प्रक्रिया संचालित की गई। नेशनल लोक अदालत में लगभग 7867 लंबित प्रकरण तथा करीब 7 लाख प्रीलिटिगेशन प्रकरण राजीनामा के आधार पर निराकरण के लिए प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 6806 लंबित प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। जिला एवं तहसील न्यायालयों में विभिन्न प्रकार के राजीनामा योग्य प्रकरणों को सुनवाई के लिए रखा गया। इनमें मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, बैंक वसूली प्रकरण, आपराधिक मामले, विद्युत प्रकरण, श्रम विवाद, पारिवारिक विवाद, चेक अनादरण के मामले, सिविल प्रकरण, आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 से संबंधित मामले तथा यातायात उल्लंघन के प्रकरण शामिल थे। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से कम समय में बड़ी संख्या में मामलों के समाधान से पक्षकारों को त्वरित न्याय मिला और न्यायालयों में लंबित मामलों के बोझ को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई। नेशनल लोक अदालत के दौरान अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में जिला न्यायालय रायगढ़ में कार्यरत महिला कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट योगदान एवं कार्यनिष्ठा के लिए प्रशस्ति पत्रए स्मारक चिन्ह एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान महिलाओं की कार्यक्षमताए समर्पण और समाज निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की गई। कार्यक्रम में जिला न्यायालय रायगढ़ के न्यायाधीशगण, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला अधिवक्ता संघ रायगढ़ के अध्यक्ष एवं अन्य अधिवक्तागण, बैंक, विद्युत तथा अन्य विभागों के अधिकारी, राजीनामा के लिए उपस्थित पक्षकार, न्यायालयीन कर्मचारी, विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी तथा पैरालीगल वालंटियर्स उपस्थित रहे।



## जिले में गैस की पर्याप्त उपलब्धता ऑनलाइन बुकिंग के दिन ही मिलेगी

**रायगढ़।** शहर में संचालित गैस एजेंसी संचालकों की एडीएम ने समीक्षा बैठक ली। बैठक में खाद्य विभाग के अधिकारी तथा विभिन्न ऑयल कंपनियों के सेल्स ऑफिसर उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिले की सभी गैस एजेंसियों में घरेलू गैस सिलेण्डर की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि जिले में पंजीकृत समस्त घरेलू गैस उपभोक्ताओं की आवश्यकता के अनुरूप एजेंसियों में सिलेण्डर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं।

एडीएम ने एजेंसी शहरी क्षेत्रों में गैस प्राप्त करने के लिए उपभोक्ताओं की लगने वाली लंबी कतारों को व्यवस्थित एवं नियंत्रित करने का निर्देश दिया। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि उपभोक्ताओं द्वारा ऑनलाइन बुकिंग अथवा डीएससी जिस दिनांक को सफल होती है, उसी दिनांक को अनिवार्य रूप से गैस सिलेण्डर का वितरण किया जाए।

### संयुक्त जांच दल गठित

जिले के विभिन्न विखं में राजस्व एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों का संयुक्त जांच दल गठित किया गया है। इसमें रायगढ़ ब्लॉक के लिए तहसीलदार शिव डनसेना, नायब तहसीलदार हरनंदन बंजारे तथा सहायक खाद्य अधिकारी अंजनी कुमार राव को जांच दल में शामिल किया गया है। इसी तरह पुसौर ब्लॉक में तहसीलदार अनुराधा पटेल और खाद्य निरीक्षक चुड़ामणि सिदार जांच की जिम्मेदारी संभालेंगे। खरसिया विखं के लिए तहसीलदार संदीप राजपूत और खाद्य निरीक्षक बनमाली यादव को जिम्मेदारी दी गई है।

उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वे अनावश्यक रूप से परेशान न हों। जिले में गैस सिलेण्डर की पर्याप्त उपलब्धता है तथा ऑनलाइन गैस सिलेण्डर बुकिंग की व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित हो रही है।

## 5 वीं और 8 वीं की परीक्षा के सफल संचालन के लिए केंद्राध्यक्षों की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

कक्षा 5 वीं एवं 8 वीं केंद्रीकृत वार्षिक परीक्षा के सफल संचालन के लिए पुसौर ब्लॉक के संकुल पंचपारा बड़ेहरदी सोडेकेला में समस्त केंद्राध्यक्षों की बैठक रखी गई। बैठक में केंद्रीकृत परीक्षा के लिए निर्देशों को विस्तार से बताया गया।

बैठक में साफ सफाई पेयजल व्यवस्था पेयजल व्यवस्था बिजली की उपलब्धता पर्यवेक्षक नियुक्ति आदि हेतु आवश्यक सुझाव व निर्देश दिये साथ ही परीक्षा को गंभीरता से लेते हुए पारदर्शिता बरतने तथा आवश्यक दस्तावेजों के संधारण के लिए निर्देशित किए। परीक्षा शांतिपूर्ण संचालित हो तथा किसी प्रकार के अनुचित साधनों का प्रयोग न हो इस पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में प्राचार्य पंचपारा श्रीमती चंद्रकांता खरे प्राचार्य बड़े हरदी दिनेश वर्मा प्राचार्य सोडेकेला श्रीवत्स गुप्ता सीएसी श्रवण कुमार साव शांतनु पंडा पंचानन निषाद एवं समस्त केंद्राध्यक्ष 5 वीं एवं 8 वीं उपस्थित रहे।

## अदाणी फाउंडेशन के आयोजन में ग्रामीण महिलाओं ने दिखाई प्रतिभा

**बजरमुड़ा (रायगढ़)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अदाणी फाउंडेशन की ओर से बजरमुड़ा में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें तमनार क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आई महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए खेलकूद प्रतियोगिताओं और पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

- खेल प्रतियोगिताओं और सुआ नृत्य में बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा, विजेताओं को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम की शुरुआत म्यूजिकल चेयर, मटकी फोड़ और फुगड़ी जैसी प्रतियोगिताओं से हुई। कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में कुंजेमुरा की श्रीमती बिलासिनी राठिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बांजीरखोल की श्रीमती गुरुवारी भगत द्वितीय तथा मिलूपारा की श्रीमती लक्ष्मीन बरेठ तृतीय स्थान पर रहीं। सराईटोला की श्रीमती कीर्ति राठिया चतुर्थ और सीतापुर की श्रीमती कुसुम जाहिरे पाँचवें स्थान पर रहीं।





वहीं, मटकी फोड़ प्रतियोगिता में सराईटोला की श्रीमती इंदु राठिया ने प्रथम स्थान हासिल किया। मिलूपारा की श्रीमती कविता चंद्रा द्वितीय, गारे की श्रीमती जमुना डनसेना तृतीय, रोडोपाली की श्रीमती कांति यादव चतुर्थ तथा मड़वाडुमर की श्रीमती श्यामा बाई पाँचवें स्थान पर रहीं। फुगड़ी प्रतियोगिता में कुंजेमुरा की श्रीमती बिलासिनी राठिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मिलूपारा की श्रीमती संतोषी सिदार द्वितीय, हिंझर की श्रीमती शकुंतला तृतीय, सराईटोला की श्रीमती कीर्ति राठिया चतुर्थ तथा पाता की श्रीमती उसिला चौहान पाँचवें स्थान पर रहीं। सभी विजेताओं को कार्यक्रम में पुरस्कृत किया गया। इन प्रतियोगिताओं ने महिलाओं में उत्साह के साथ-साथ आपसी सहयोग और मित्रता की भावना को भी मजबूत किया। कार्यक्रम के दौरान सुआ नृत्य प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें पाँच टीमों ने भाग लिया। स्थानीय महिलाओं ने पारंपरिक लोकनृत्य की आकर्षक प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। सभी टीमों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक और संसदीय सचिव श्रीमती सुनीति सत्यानंद राठिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद सदस्य श्रीमती नंदनी मनोज राय ने की। इस अवसर पर श्रीमती संतोषी गणेश राठिया, श्रीमती गंगा बंशीधर चौधरी, श्रीमती अमेरिका महेतर राठिया, श्रीमती उमावती संतोष बहेरा, श्रीमती सुशिला तानसिंग पटेल, श्रीमती नानकुंवर यादलाल नायक, श्रीमती उत्तरा कुंवर अरुण राय और श्रीमती गणेशी वेदराम राठिया सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं। इस अवसर पर अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, राजनीति, विज्ञान, कला और खेल सहित हर क्षेत्र में प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। महिला दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि उन संघर्षों और त्यागों को याद करने का अवसर भी है, जिनकी बदौलत महिलाओं ने समाज में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। आयोजकों ने बताया कि अदाणी फॉउंडेशन की ओर से इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गौधाम योजना का किया शुभारंभ

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बिलासपुर स्थित गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम से राज्य में निराश्रित एवं घुमंतू गौवंश के संरक्षण और उनके समुचित व्यवस्थापन के उद्देश्य से गौधाम योजना का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां मुख्यमंत्री के विशेष संबोधन का लाइव प्रसारण देखा गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रारंभ की जा रही गौधाम योजना का उद्देश्य प्रदेश में बेसहारा मवेशियों को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराना, उनके संरक्षण को बढ़ावा देना तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि गोधन हमारी ग्रामीण संस्कृति, कृषि व्यवस्था और अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है, इसलिए इसके संरक्षण और संवर्धन के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। गौधाम समिति के जिला अध्यक्ष बंशीधर बेहरा ने कहा कि बदलती जीवनशैली और शहरीकरण के कारण कई स्थानों पर गौवंश निराश्रित होकर सड़कों पर घूमते दिखाई देते हैं। ऐसे में गौवंश के संरक्षण, देखभाल, भोजन, उपचार और सुरक्षित आश्रय की व्यवस्था करना समाज और शासन दोनों की सामूहिक जिम्मेदारी है। गौधाम की स्थापना से निराश्रित गौवंश को सुरक्षित आश्रय मिलेगा, जहां उनके लिए चारा, पानी, चिकित्सा और देखभाल की समुचित व्यवस्था की जाएगी।

- प्रत्येक विकासखंड में स्थापित होंगे गौधाम, आधारभूत सुविधाओं की होगी व्यवस्था




## कन्या शाला में अंतर्राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन

**घरघोड़ा।** कन्या माध्यमिक शाला घरघोड़ा मे अंतर्राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर गणित से संबन्धित क्विज, पहेली प्रश्न प्रतियोगिता का आयोजन किया जाकर उन्हें प्रोत्साहित करने के दृष्टिकोण से पुरुस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम आयोजित करने का प्रमुख उदेश्य छात्राओं के मध्य गणित विषय के प्रति अभिरूचि जागृत करना था।

प्रधानपाठक अखिलेश कुमार मिश्रा ने दैनिक जीवन मे गणित विषय की महत्ता एवं उसके उपयोगिता पर सार्थक जानकारी प्रदान की वहीं व्याख्याता संतराम साहू ने गणित विषय पर रोचक जानकारी विचारों को साझा किया। शिक्षक विजय पंडा ने पाई से संबंधित जानकारी देते हुए गणितीय सवाल पूछे एवं कार्यक्रम का गणितीय विषय को लेकर सफल संचालन एवं आयोजन करते हुए दैनिक जीवन मे गणित की भूमिका पर प्रकाश डाला। आँचल भोय एवं मुस्कान कुम्हार ने सर्वाधिक प्रश्नों को हल कर एवं गणितीय क्विज प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाते हुए पुरुष्कार प्राप्त किया। शिक्षिका निवेदिता सिंह ने अपने गणितीय विचारों को लेकर छात्राओं के मध्य विचार व्यक्त किया। उक्त कार्यक्रम में समस्त छात्राओं ने उत्साहपूर्वक अपनी सहभागिता प्रदान की एवं गणित की कई मूल विन्दुओं को समझते हुए गणित विषय के प्रति रूचि प्रगट किए।



डायबिटीज
के मरीजों के घावों की प्लास्टिक सर्जरी (स्कीन ग्राफ्टिंग) की विशेष सुविधा.

कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

## घरघोड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हुई मासिक समीक्षा बैठक





**घरघोड़ा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोडा में खण्ड चिकित्सा अधिकारी एसआर पैकरा की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विकास खंड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी, क्षेत्र के सभी सेक्टर प्रभारी, सुपरवाइजर, नेत्र सहायक अधिकारी, कनिष्ठ सचिवीय सहायक, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, और मितानिन कार्यक्रम के ब्लॉक समन्वयक, प्रशिक्षकों ने भाग लिया।

स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा डॉ. पैकरा ने शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, जैसे प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित योजनान्तर्गत सभी खतरे वाली गर्भवती महिलाओं को प्रति माह 09 एवं 24 तारीख को विशेषज्ञ चिकित्सकों से निःशुल्क सोनोग्राफी जाँच उपचार, जननी सुरक्षा योजना और आयुष्मान भारत, वय वंदन आभा कार्ड निर्माण की जमीनी स्तर पर प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी पात्र हितग्राही इन योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। टीकाकरण अभियानरू नियमित टीकाकरण एवं शिशु संरक्षण माह 17 मार्च से प्रारंभ होने वाले अभियान के लक्ष्यों को शत प्रतिशत पूरा करने पर चर्चा की गई। बीएमओ ने विशेष रूप से दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में बच्चों और गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण की ट्रैकिंग सुधारने के निर्देश दिए। संक्रामक रोगों पर नियंत्रण गर्मी के मौसम के आगमन को देखते हुए मौसमी बीमारियों, जैसे डायरिया और मलेरिया, की रोकथाम के लिए पूर्व तैयारी सुनिश्चित करने को कहा गया। संस्थागत प्रसव में वृद्धि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से अधिक से अधिक संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहित करने एनीमिया मुक्त भारत अभियान हेतु मैदानी अमले को निर्देशित किया गया।

### माँ बंजारी धाम में नवरात्र की तैयारी को लेकर बैठक

**तमनार।** प्रसिद्ध सर्वशक्तिपीठ माँ बंजारी धाम तराईमाल में बासंतिक चैत्र नवरात्र पर्व 71 वीं मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलन हेतु विभिन्न व्यवस्थाओं का दायित्व के लिए तैयारी बैठक 14 मार्च को समिति सदस्य कार्यकर्ताओ औद्योगिक प्रतिनिधि, स्थानीय सेवको दानदाताओ की उपस्थिति में रखा गया। मां बंजारी धाम में बासंतिक चैत्र नवरात्र पर्व कार्यक्रम 18 मार्च कलश यात्रा, 19 मार्च नवरात्रि दीप प्रज्वलन प्रारम्भ, 27 मार्च को हवन पूजन कन्या भोज महाभण्डारा होगी। हर दिन प्रसाद वितरण के साथ दोपहर व आरती के बाद रात्रि भंडारा होगा। तहसीलदार रिचा सिंह ने कहा कि नवरात्र पर्व हेतु समिति सदस्य सेवकों श्रद्धा भक्तिभाव से समर्पित होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

आप कितने स्वस्थ हैं?
जानिएं
एक नियमित वेलनेस चेकअप आपके आज को सुरक्षित और कल को मजबूत करता है
वेलनेस गोल पैकेज
₹1500/-
(20 से 40 साल की उम्र के लिए)
वेलनेस जर्नी पैकेज
₹2000/-
(40 से 60 साल की उम्र के लिए)
• प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार
• सीमित सीट
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9109956720
9926386660
सुयश हॉस्पिटल
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com


रामेश्वरम् धाम यात्रा
21 अप्रैल, 28 अप्रैल, 19 मई, 02 जून 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
राशि :- स्लीपर 14,900/-, 3 एसी-23,900/-, 2 एसी 28,900/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त